# हार हार के हारों का एक हार बनाया है भजन लिरिक्स

हार हार के हारों का एक,
हार बनाया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

---

इसकी कली कली में सांवरा,
दर्द भरा है मेरा,
दर दर ठोकर खाके तेरे,
दर पे डाला डेरा,
दुनिया की क्या करूँ शिकायत,
अपनों का सताया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

---

सांवरिया तेरी महिमा सुनके,
आया तेरे द्वारे,
श्रद्धा के दो फूल हैं बाबा,
कुछ ना पास हमारे,
एक बार तो कृपा कर दो,
क्यों तड़पाया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

---

तड़प तड़प के तड़प रहा हूँ,
दर्शन दो दातारि,
अब क्यों करे आबार सांवरिया,
लीले के असवारी,
हाथ जोड़कर खड़ा मैं दर पे,
शीश झुकाया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

---

सुनो सांवरा कहे 'रविंदर',
हुआ बावरा तेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

इस मतलब की दुनिया में बाबा,
मुझे आसरा तेरा,
नैया मेरी डगमग डोले,
जी घबराया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

---

हार हार के हारों का एक,
हार बनाया है,
पहनो पहनो श्याम पहनाने,
सेवक आया है।bd।

**Singer – Twinkle Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com